फिलैटेलिक सलाहकार समिति के समक्ष दिनांक 11.05.1992 को विचारार्थ रखा गया था तथा बाद में फिलैटेलिक सलाहकार समिति की उप-समिति ने इस प्रस्ताव की जांच की थी। तथापि, समिति ने इस प्रस्ताव की सिफारिश नहीं की।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

उपभोक्ताओं के निवास पर मीटर लगाया जाना

3629. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उपभोक्ताओं के निवास में मीटर लगाने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) उपभोक्ताओं के अहाते में मीटर संस्थापित करने के प्रस्ताव की जांच की गई, परन्तु इसे व्यवहार्य नहीं पाया गया।

डाकियों द्वारा अपने घरों से चलाए जाने वाले डाकघर

3630. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में कितने-कितने डाकघर हैं और उनके जिलावार नाम क्या-क्या हैं;

(ख) उपर्युक्त डाकघरों में से ऐसे कितने डाकघर हैं जहां केवल डाकिया ही सारा कार्य देखता है;

(ग) क्या यह सच है कि ऐसे डाकघर घरों में चलाए जा रहे हैं और वहां डाक सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं होती है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की डाक-तार सेवा को सुचारू बनाने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (च) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में बचत खातों में गड़बड़ी

3631. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला:**
श्री आस मोहम्मद:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में बचत खातों में गड़बड़ी की घटनाएं हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान हुए ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस बात को सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए है ताकि इस प्रकार की घटनाएं न हों?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

स्पीड पोस्ट सेवा

3632. **श्री आस मोहम्मद:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सभी राज्यों की राजधानियों में स्पीड पोस्ट सेवा अभी तक शुरू नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और किन-किन राजधानियों में यह सेवा आज की तारीख तक विद्यमान नहीं है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं। सभी राज्यों की राजधानियों की स्पीड पोस्ट सेवा के राष्ट्रीय नेटवर्क अथवा प्वाइंट-टू-प्वाइंट स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा कवर किया गया है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त "क" के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

डाक सेवाओं हेतु नई नीति

3633. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डाक सेवा हेतु कोई नई नीति बनाई है